

### एक नजर में

## भाजपाईयों ने झंडे लहराकर किया नृत्य

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। नगर में बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। परिणाम घोषित होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया, उन्होंने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और थाना तिराहे पर कार्यकर्ताओं ने ढोल-ढमाकों की थाप पर नृत्य किया और पार्टी के झंडे लहराते हुए नारे लगाए।**

कार्यक्रम में आतिशबाजी भी की गई, जिससे पूरा माहौल उत्सवमय हो गया और समूचा नगर भाजपा के नारों से गूंज उठा। मौके पर शामिल बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने इस जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और सरकार की नीतियों की सफलता बताया। भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा ने कहा कि बिहार की जनता ने एक बार फिर विकास, स्थिरता और सुशासन पर अपना भरोसा जताया है। संज्ञा ने कहा कि बिहार के मतदाताओं ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वे अब गुंडाराज और लालूराज जैसे शासन को स्वीकार नहीं करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे जनता के विश्वास की जीत बताया।

# भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री का देखा सीधा प्रसारण**

**छात्रावास की छात्राओं ने दी लोक नृत्य की प्रस्तुति**






**नवभारत न्यूज टीकमगढ। धरती आबा भगवान बिरसा मुंड़ा की 150वीं जयन्ती के समापन वर्ष के उपलक्ष्य में 15 नबम्बर शनिवार को 11 बजे से जतारा विधायक हरिशंकर खटीक की अध्यक्षता में मंगल भवन बल्देबगढ़ में जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। शनिवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के समापन वर्ष के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम जतारा विधायक हरिशंकर खटीक की अध्यक्षता में मंगल भवन बल्देवगढ़ में संपन्न कराया गया। इस मौके पर छात्राओं ने लोक नृत्य की प्रस्तुति दी।**

कार्यक्रम में शासकीय छात्रावासों की छात्राओं ने जनजातीय लोक गायन एवं लोक नृत्य प्रस्तुत किया। राज्यपाल मंगूभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने जनजातीय वर्ग के हितार्थ स्टॉल और प्रदर्शनी लगाई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड तथा सिकल सेल एनीमिया जांच के शिविर आयोजित किए गए। मंच से जनजातीय वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाओं का हितलाभ वितरण भी किया गया। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बताया कि जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को बाधा रहित शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से जिले में कुल चार छात्रावास संचालित हैं। इनमें कुल 200 विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि छात्रावासों में गर्म पानी के लिए गीजर, इन्वर्टर, वाटर प्यूरीफ़ायर, क्लास रूम, टीवी, खेल सामग्री, संगीत सामग्री और स्टूडेंट फ नींचर जैसी सुविधाएं शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही बिस्तर सामग्री और पॉकेट मनी की राशि विद्यार्थियों के आधार लिंक खातों में सीधे अंतरित की जाती है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, एसडीएम बल्देवगढ़ भारती देवी मिश्रा, नगर परिषद बल्देवगढ़ अध्यक्ष शालिनी विश्वदीपक मिश्रा सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**जनजातीय वर्ग को किया जा रहा प्रोत्साहित**

जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने कहा कि समस्त आदिवासी विद्यार्थियों के लिए कक्षा एक से 12 तक मानक शिक्षा सुनिश्चित की गई है। जिला स्तर और शासन के प्रयासों से आकांक्षा योजना के तहत जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को जेईई नीट और क्लेट जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए इंदौर, भोपाल, ग्वालियर एवं जबलपुर में कोचिंग और अध्ययन सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। कक्षा एक से लेकर 12 तक शिक्षा विभाग द्वारा छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाती है।धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले में 62गांव शामिल हैं।

## चोरी के घटना स्थल का जायजा लेने पहुंचे एसपी



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। ग्राम बम्होरी कलां में स्थित दाऊ बाले बब्बा हनुमान जी महाराज मंदिर से घंटे एवं मुकुट चोरी की घटना को पुलिस प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई एवं रक्षित निरीक्षक एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम स्वयं गांव पहुँचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया।**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना बम्होरी कलां प्रभारी नीतू खटीक एवं पुलिस टीम एवं गांव के सरपंच प्रतिनिधि शिशुपाल सिंह परिहार फौजी एवं ग्राम नागरिकों से पूरी जानकारी प्राप्त की। एसपी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को मामले की त्वरित जांच सबूतों के संरक्षण और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के स्पष्ट निर्देश दिए। इस चोरी की वारदात से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

लोगों ने पुलिस अधीक्षक के सामने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए मंदिर की सुरक्षा बढ़ाने की मांग भी रखी। पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उधर थाना बम्होरी कलां पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में तलाशी बढ़ा दी है और संभावित सुरागों के आधार पर हर पहलू पर जांच तेज कर दी है।

# भाजपा ने बिहार जीत पर मनाया जश्न



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मुख्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को बढ़त मिलने पर जश्न मनाया। सिविल लाइन रोड स्थित भाजपा कार्यालय के सामने कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।**

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को 200 से अधिक सीटें मिलने का अनुमान है। चुनाव आयोग के रुझानों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी को लगभग 91 सीटें मिली हैं जो पिछले चुनाव से 17 अधिक हैं। वहीं जनता दल यूनाइटेड जेडीयू को लगभग 83 सीटें मिलने का अनुमान है जो पिछले चुनाव से लगभग 40 सीटें ज्यादा हैं। लोक जनशक्ति पाटी लोजपा को 19 सीटों पर बढ़त मिली है जो पिछले चुनाव से 18 सीटें अधिक है। महागठबंधन को लगभग 35 सीटों पर बढ़त मिली है। इन रुझानों के आधार पर एनडी, सरकार को पूर्ण बहुमत मिलता दिख रहा है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने एनडी, गठबंधन की जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया। उन्होंने कहा कि बिहार में नरेंद्र मोदी का जादू चला है।

## बच्चों ने लगाए विभिन्न प्रकार के स्टॉल

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस पर मनाए जाने वाला बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। वर्धमान बाल विद्या निकेतन स्कूल बड़गांव में बाल मेले का आयोजन किया गया। बाल मेला में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न प्रकार के व्यंजन स्टॉल लगाए। बच्चों द्वारा व्यंजनों की दुकानें लगाई गईं। अभिभावक और शिक्षकों ने खरीददारी की। स्कूल प्रबंधक अशोक जैन ने फीता काटकर उद्घाटन किया।**

सरस्वती वंदना छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गई। प्राचार्य नरेन्द्र सिंह चौहान ने बाल दिवस के महत्व को बताते कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास व रचनात्मक प्रतिभा को विकसित करने में बाल मेले जैसे आयोजनों की महत्ता बताई। शिक्षिका वंदना जैन ने भी बच्चो में अच्छे नागरिक बनने के लिए पढाई के साथ अन्य गतिविधियों को जरूरी बताया। इस अवसर पर विजय सेठ, गगनदीप फाडेन्द्र, मुकेश जैन, केपी बुंदेला सहित कई लोग मौजूद रहे। वर्धमान बाल विद्या निकेतन स्कूल बड़गांव में बाल मेले का आयोजन किया गया। बाल मेला में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न प्रकार के व्यंजन स्टॉल लगाए। बच्चों द्वारा अभिभावक और शिक्षकों ने खरीददारी की। स्कूल प्रबंधक अशोक जैन ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला।

# बीएलओ कर रहे गणना पत्रक एकत्रित



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम के संबंध में मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी दी। कार्यक्रम के तहत सभी बीएलओ 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक सभी बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक वितरित एवं एकत्रित कर रहे हैं।**

कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने बताया कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची में नाम मिलान करने के लिये मतदाताओं की सुविधा के लिये निर्वाचन आयोग द्वारा जारी लिंक दी गई है, जो कि 2003.है, जिसकी सहायता से मतदाता 2003 की सूची में अपना नाम देख सकते हैं। इसके साथ ही देश के सभी राज्यों के अंतिम एसआईआर की मतदाता सूची दर्ज की गई है, जिसकी लिंक है। मतदाता उपरोक्त लिंक के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि बीएलओ द्वारा दिये जा रहे गणना पत्रक को आवश्यक रूप से सभी मतदाताओं को भरना है। नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम 2025 चलाया जा रहा है।

## छात्रवृत्ति के होंगे ऑनलाईन आवेदन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजनाअंतर्गत वर्ष 2025 हेतु रिक्त 17 सीटों के लिये चयन हेतु पात्र अभ्यर्थियों के आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। जिसके अनुसार ऑनलाईन आवेदनों की अंतिम तिथि 19 नवम्बर 2025 निर्धारित है।**

योजनांतर्गत आवेदन मध्यप्रदेश स्टेट स्कॉलरशित पोर्टल 2.0 पर के माध्यम से संशोधित विज्ञप्ति प्रकाशन 19.11.2025 तक अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये निगम की वेबाईट से प्राप्त की जा सकती है। पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजनाअंतर्गत वर्ष 2025 हेतु रिक्त 17 सीटों के लिये चयन हेतु पात्र अभ्यर्थियों के आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। जिसके अनुसार ऑनलाईन आवेदनों की तिथि19 नवम्बर निर्धारित है।

# बाल दिवस पर दिखा खुशियों का एक अनूठा संगम




**नवभारत न्यूज पलेरा। पलेरा के कल्पना स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर आज खुशियों का एक अनूठा संगम देखने को मिला। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने और उनकी रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित भव्य बाल मेले का उद्घाटन स्थानीय विधायक चंदा सुरेंद्र सिंह गौर व नगर परिषद अध्यक्ष गायत्री विनोद वर्मा ने किया। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की दुकानें लगाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।**

देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन पर स्कूल परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया था। मुख्य अतिथि के आगमन पर बच्चों ने उत्साहपूर्वक उनका स्वागत किया। मेले का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा लगाई गईं विभिन्न खाद्य-पदार्थों की दुकानें थीं। नन्हे शेफ्स ने ,पाव भाजी,चाट,गोलगप्पे, सैंडविच, आइसक्रीम, और लेमोनेड जैसे कई स्वादिष्ट व्यंजन अपने हाथों से तैयार किए। हर स्टॉल पर साफ़-सफाई और सजावट का विशेष ध्यान रखा गया था। बच्चों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए अनोखे नाम रखे थे और ग्राहकों का स्वागत बड़े ही आत्मविश्वास के साथ कर रहे थे। विधायक अध्यक्ष ने एक-एक स्टॉल पर जाकर व्यंजनों का जायका लिया और बच्चों के प्रयासों की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा, यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि हमारे बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल में भी निपुण हो रहे हैं। इस तरह के आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते है। कार्यक्रम के अंत में विधायक एवं अध्यक्ष ने बाल मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टॉल्स के बच्चों को पुरस्कृत कर शुभकामनएं दी।

# जमीनी विवाद में एक की मौत, चार घायल

**पलेरा थाना के ग्राम जवाहरपुरा में हुआ खूनी संघर्ष**

**पुलिस कर रही मामले में बारीकी से जांच पड़ताल**



**नवभारत,न्यूज पलेरा। पलेरा थाना क्षेत्र के जवाहरपुरा गांव में शुक्रवार की देर शाम जमीन विवाद को लेकर दो सगे भाइयों के बीच खूनी संघर्ष होने का मामला सामने आया है। जिसमे मारपीट के दौरान एक युवक की मौत हो गई वहीं चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। इस मामले में पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है।**

जानकारी के अनुसार यह विवाद सगे भाई रामकिशन यादव और मायाराम यादव के बीच था। मायाराम यादव अपने परिवार के साथ लुगासी में रहते हैं जबकि रामकिशन उनके हिस्से की जमीन पर खेती कर रहे थे। इसी विवाद को लेकर मायाराम अपने रिश्तेदारों के साथ जवाहरपुरा पहुंचे और जमीन पर दोबारा कब्जा करने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी बढ़ गई और जल्द ही यह मारपीट में बदल गई। लाठियों से हुए हमले में महोबा के अजनर थाना क्षेत्र के रगोली निवासी 20 वर्षीय राहुल यादव की मौके पर ही मौत हो गई। इस संघर्ष में नौगांव थाना क्षेत्र के दोनी निवासी 20 वर्षीय दीपेंद्र यादव पुत्र राम्मू यादव और झीझन निवासी 20 वर्षीय दीपेंद्र यादव पुत्र सुखराम यादव गंभीर रूप से घायल हो गए।उनके शरीर पर कई जगह फ्रैक्चर पाए गए जिसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। दूसरे पक्ष से जवाहरपुरा निवासी 29 वर्षीय बृज कुमार यादव और 17 वर्षीय पूजा यादव घायल हुए हैं जिनका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

खजरी चौकी और पलेरा थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि जमीन को लेकर यह विवाद कई महीनों से चल रहा था। घटना के बाद से गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि मौके से सबूत जुटाए जा रहे हैं। साथ ही हत्या के मामले में आज दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें बृज कुमार यादव 29 साल और रामकिशन यादव 65 साल शामिल हैं। दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

**पथ संचलन** ▶ दो अलग-अलग स्थानों से पैदल मार्च करते निकले कार्यकर्ता

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने निकाला पथ संचलन, जगह-जगह पुष्प वर्षा



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस ने पथ संचलन का आयोजन किया। शहर की सड़कों पर दो अलग-अलग स्थानों से संघ कार्यकर्ता पैदल मार्च करते हुए निकले। इस आयोजन में 3000 से अधिक कार्यकर्ता शामिल हुए। पथ संचलन के दौरान आरएसएस के लोगों का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया।**

एक पथ संचलन कलेक्टरेट रोड स्थित उत्सव भवन से शुरू हुआ जबकि दूसरा गंजी खाना मैदान से निकाला गया। दोनों पथ संचलन का संगम अस्पताल चौराहे पर हुआ। इसके बाद यह सिविल लाइन रोड और मिश्रा तिराहा होते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से निकाला गया। पथ संचलन के दौरान रास्ते में जगह-जगह लोगों ने संघ कार्यकर्ताओं पर फूलों की वर्षा की गई। विशेष रूप से चकरा तिराहे के पास ब्राह्मण समाज महिला इकाई की महिलाओं ने कार्यकर्ताओं पर पुष्प वर्षा की। हिंदूवादी संगठनों और राजनीतिक दलों के लोगों ने भी फूल बरसाए और वंदे मातरम के नारे लगाए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह दीपक तिवारी ने बताया कि संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में ऐसे पथ संचलन आयोजित किए जा रहे हैं। टीकमगढ़ में अस्पताल चौराहे पर संगम के बाद संघ कार्यकर्ता मुख्य बाजार से होते हुए नजरबाग मैदान पहुंचे जहां मुख्य कार्यक्रम बौद्धिक का आयोजन किया गया।

इस संचलन के लिए पिछले एक पखवाड़े से तैयारियां चल रही थीं। शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस ने पथ संचलन का आयोजन किया। शहर की सड़कों पर दो अलग-अलग स्थानों से संघ कार्यकर्ता पैदल मार्च करते हुए निकले। इस आयोजन में 3000 से अधिक कार्यकर्ता शामिल हुए। पथ संचलन के दौरान आरएसएस के लोगों का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया। विशेष रूप से चकरा तिराहे के पास ब्राह्मण समाज महिला इकाई की महिलाओं ने कार्यकर्ताओं पर पुष्प वर्षा की। हिंदूवादी संगठनों और राजनीतिक दलों के लोगों ने भी फूल बरसाए और वंदे मातरम के नारे लगाए।

**स्वयं सेवकों ने किया शारीरिक प्रकट कार्यक्रम प्रस्तुत**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नगर टीकमगढ़ में शनिवार को पथ संचलन का आयोजन किया गया है।जिसमें नगर के सभी स्वयं सेवक शामिल हुए। स्वयं सेवकों द्वारा नजरबाग मैदान पर शारीरिक प्रकट कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। वहीं पथ संचलन दो स्थानों से निकाला गया। एक पथ संचलन उत्सव भवन कलेक्ट्रेट से निकला तो वहीं दूसरा गंजीखाना मैदान से शुरू हुआ।

## तकनीकी प्रशिक्षण में किसानों ने लिया भाग

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। किसानों और मछुआरों को उन्नत तकनीकों से अवगत कराने कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा खरगापुर में मछली पालन में जलीय गुणवत्ता विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम का उद्देश्य मछुआरों को मछली पालन में जल की गुणवत्ता बनाए रखने के वैज्ञानिक तरीकों से प्रशिक्षित करना हैए ताकि उत्पादन और लाभ में वृद्धि हो सके। प्रशिक्षण में मछली पालन वैज्ञानिक डॉ. सतेंद्र कुमार ने जलीय मापदंडों जैसे पीएचए ऑक्सीजन स्तर तापमान के महत्व और उन्हें नियंत्रित करने की तकनीकों पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. बीएस किरार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में मत्स्योद्योग मछुआ सहकारी समिति खरगापुर के सदस्यों सहित कुल 26 मछुआरों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

# जागरुकता कार्यक्रम में निकली रैली




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती प्रवीणा व्यास के मुख्य आतिथ्य में न्यायोत्सव सप्ताह कार्यक्रम के समापन अवसर पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं बाईक रैली का आयोजन किया गया।**

जिला न्यायालय परिसर में प्रधान जिला न्यायाधीश,अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ श्रीमती प्रवीणा व्यास की अध्यक्षता में न्यायोत्सव सप्ताह कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित विधिक जागरूकता कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा इस सप्ताह के अंतर्गत किये गये विभिन्न गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी और आमजन को निःशुल्क विधिक सहायता, नालसा टोल फ्री नंबर 15100, आगामी माह में आयोजित नेशनल लोक अदालत, नालसा एवं सालसा की समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में उपस्थित जनसमुदाय को जानकारी देकर विधिक योजनाओं के लिए प्रेरित किया।